# BIGTEST.IN

# 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल

राजस्थान

समसामायिक




REET | RAS | CET | RPSC | RSMSSB | 2nd Grade

[January 2023 Rajasthan Current Affairs]
[February 2023 Rajasthan Current Affairs]
[March 2023 Rajasthan Current Affairs]

**राजस्थान समसामयिकी - 1 अप्रैल 2023**

## भीमराज को 'ग्लोबल प्रिंट एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023

- गोकृति (ए यूनिट ऑफः एबी ग्राफिक प्रा. लि.) के फाउंडर **भीमराज शर्मा को 'ग्लोबल प्रिंट एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 से सम्मानित** किया गया।
- भीमराज शर्मा को यह नेशनल अवॉर्ड एक्सीलेंस इन काऊ डंग पेपर प्रिंटिंग(गोमाता के गोबर से कागज बनाने व उस पर सुंदर छपाई करने पर दिया गया।

## 13वीं अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस ने जीती 2 ट्रॉफियां

- एनएसजी की ओर से मानेसर में आयोजित 13वीं अखिल भारतीय पुलिस कमांडो चैंपियनशिप में **राजस्थान पुलिस टीम ने 'बेस्ट स्टेट पुलिस कमांडो टीम' की ट्रॉफी** ।
- तथा **हॉस्टेज रेस्क्यू मिशन इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर 'चक्रव्यूह ट्रॉफी' जीती** है।

## डॉ. सारिका यादव ने को लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज मेडल

- अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में राजस्थान की **डॉ. सारिका यादव ने 30 मार्च 2023 को लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज मेडल** जीता।
- महाराष्ट्र के पुणे में हुई प्रतियोगिता में डॉ. सारिका ने **100 मीटर रेस में भी 5वां स्थान हासिल** किया।
- 22 साल बाद ट्रैक पर उतरीं डॉ. सरिका ने प्रथम बार में ही मेडल प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया।
- डॉ. सारिका राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विवि के मेडिकल कॉलेज में पीटीआई हैं।

## सब जूनियर नेशनल वुमन वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान तीसरे नंबर पर

- भारतीय खेल प्राधिकरण व भारतीय वुशू संघ की ओर से जम्मू में यह चैंपियनशिप आयोजित हुई थी।

- खेलो इंडिया सब जूनियर नेशनल वुमन वुशू प्रतियोगिता में **राजस्थान टीम संशोऊ स्पर्द्धा में राजस्थान टीम तीसरे स्थान** पर रही है।
- इसमें **राजस्थान टीम ने 1 स्वर्ण पदक, पांच कांस्य पदक** जीते हैं।

## दौसा जिला प्रशासन का नवाचार सिलिकोसिस रोगियों के लिए मोबाइल एप "कवच" लांच

- राजस्थान सरकार की 'सिलिकोसिस नीति के तहत खदानों, पत्थर पिसाई एवं घिसाई का कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है।
- इस क्रम में दौसा जिला प्रशासन ने **एक नवाचार कर सिलिकोसिस की संभावना के दृष्टिगत बीमारी से प्रभावी बचाव, रोकथाम एवं उपचार के लिए मोबाइल एप कवच** तैयार किया है।
- जिले में पत्थर पिसाई एवं घिसाई करने वाले संस्थानों को अपने कारीगरों की पूरी सूचना कवच एप में दर्ज करवाना आवश्यक है ।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग नोडल विभाग हैं।

## नवंबर 2022 तक राजस्थान में कुल 986.32 लाख पर्यटकों ने किया भ्रमण

- **वर्ष 2022 (नवंबर 2022 तक) कुल 986.32 लाख पर्यटकों ने राजस्थान में भ्रमण** किया।
- जिसमें **983.24 लाख स्वदेशी पर्यटक तथा 3.08 लाख विदेशी पर्यटक** थे।

## राजस्थान में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्थान

1. **राजस्थान में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल**
2. **दुर्ग – चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, रणथंबोर, जैसलमेर, आमेट, रणथंबोर**
3. **जंतर मंतर वेधशाला, जयपुर**
4. **जयपुर शहर का परकोटा**

## नशा मुक्त भारत के लिए केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान में MoU

- भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान माउंट आबू ने नशा मुक्त भारत के लिए 3 साल का एमओयू किया गया है।
- **इसके तहत देशभर में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाकर दस करोड़ लोगों को नशा मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 2 अप्रैल 2023**

## मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर योजना लागू 1अप्रैल से लागू

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के वंचित परिवारों के लिए **'मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर योजना' की बजट 2023–24 घोषणा के प्रस्ताव को स्वीकृति** दी है।
- इस योजना के जरिए राजस्थान के बीपीएल एवं उज्ज्वला योजना में शामिल परिवारों को अब 500 रुपये में रसोई गैस सिलेण्डर मिलेगा।
- इससे राज्य के 73 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।
- योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 1 अप्रैल से सस्ती दर पर प्रतिमाह एक सिलेण्डर मिल सकेगा।
- राज्य सरकार उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारी परिवारों को प्रति **गैस सिलेण्डर 410 रुपये की सब्सिडी** देगी।
- **बीपीएल परिवारों के लिए प्रति सिलेण्डर सब्सिडी 610 रुपये होगी।**
- श्री अशोक गहलोत ने इसके लिए कुल **750 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी** दी है।
- लाभार्थी के जनआधार से जुड़े खाते में सब्सिडी की राशि हस्तान्तरित की जाएगी।

## जल जीवन मिशन 31 मार्च को राजस्थान में सबसे अधिक 27,470 जल कनेक्शन

- राजस्थान ने वित्त वर्ष 2022–23 के अंतिम दिन जल जीवन मिशन में एक दिन के अभी तक के **सबसे अधिक अधिक जल कनेक्शन 31 मार्च को कुल 27,470 कनेक्शन** किए गए।

- इससे पहले 26 मार्च को 16,742 जल कनेक्शन किए गए थे।
- वर्ष 2022–23 में मिशन के तहत 14,13,679 कनेक्शन किए गए।
- प्रतिदिन **जल कनेक्शन के हिसाब से राजस्थान देश में तीसरे स्थान** पर रहा।
- कुल **जल कनेक्शन के आधार पर राजस्थान देश में 12 वें स्थान** पर है।
- जल जीवन मिशन के तहत **व्यय करने में राजस्थान का देश में चौथा स्थान** पर है।

## जल जीवन मिशन के तय लक्ष्यों को हासिल करने वाले टॉप 5 जिले

**1.झालावाड़ 76%**

**2. भीलवाड़ा ने 71%**

**3. कोटा ने 69%**

**4. चित्तौड़गढ़ ने 66%**

**5. उदयपुर ने 66%**

## राणा प्रताप सागर बांध ने 41 करोड़ यूनिट बनाई बिजली

- वित्तीय वर्ष 2022– 23 के दौरान राणा प्रताप सागर पर बिजलीघर ने **40.94 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन कर राज्य को सबसे स्वच्छ, सस्ती बिजली प्रदान** की।
- पन बिजलीघर से बिजली बनाने की लागत करीब 15 पैसे प्रति यूनिट रही।
- **राणा प्रताप सागर बिजलीघर वर्ष 2019 की बाढ़ विभीषिका में पूर्णत डूबने के बाद पहली इकाई को दिसंबर 2021 में प्रारंभ किया गया था।**

**राजस्थान समसामयिकी - 3 अप्रैल 2023**

## पहले अर्जुन अवार्ड से सम्मानित पूर्व क्रिकेटर श्री सलीम दुर्रानी का निधन

- पहले अर्जुन अवार्ड से सम्मानित पूर्व **भारतीय क्रिकेटर सलीम दुरानी का रविवार 2 अप्रैल 2023 को 88 साल की उम्र में कैंसर से निधन** हो गया।
- सलीम दुर्रानी ने 22 वर्षों तक राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में भाग लिया – दिसंबर 1956 से फरवरी 1978 तक।
- 1961 में, सलीम दुरानी खेल सम्मान अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले पहले क्रिकेटर बने।

- सलीम दुरानी का राजस्थान क्रिकेट के साथ जुड़ाव 1956 में मेवाड़ के महाराणा व पीएम रूंगटा के कारण शुरू हुआ।
- राजस्थान के खेल प्रोत्साहन में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए राज्य बजट 2023-24 में प्रत्येक संभाग में सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल स्थापित करने की घोषणा की गई है।

## उदयपुर जिला प्रशासन द्वारा अभियान अभिलाषा कार्यक्रम

- उदयपुर जिला प्रशासन द्वारा वंचित **बालिकाओं एवं महिलाओं को सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग सिखाने के लिए एक नया अभियान अप्रैल 2023** को शुरू किया गया है।
- इस अभियान को **'अभिलाषा कार्यक्रम'** नाम दिया गया है।
- इस अभियान के तहत वंचित पृष्ठभूमि की 28 वर्ष से कम आयु की न्यूनतम 10वीं पास बालिकाओं और महिलाओं को 15 महीने का निःशुल्क आवासीय कोडिंग (सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग) प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण के बाद रोजगार भी सुनिश्चित करवाया जाएगा।
- आवासीय प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निःशुल्क होगा तथा लैपटॉप सहित कई प्रकार की सुविधाओं के साथ दिया जाएगा।
- जनजाति अंचल की वंचित बालिकाओं सहित चाइल्ड ट्रैफिकिंग का शिकार हुई बालिकाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा।

## जयपुर में दो नगर वन बनेंगे - केंद्र सरकार की नगर वन योजना के तहत घोषणा

- केंद्र सरकार की नगर वन योजना के तहत **राजस्थान के जयपुर में दो नगर वन** बनेंगे।
- जयपुर में खातीपुरा व मुहाना में नगर वन बनेगा।
- इसके लिए **केंद्र सरकार ने 1 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत** कर दी है।
- **जयपुर की बगरू विधानसभा की मुहाना पंचायत सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत भी चयनित है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 4 अप्रैल 2023**

## राजेंद्र सिंह राठौड़ बने विधानसभा के नए प्रतिपक्ष नेता

- **3 अप्रैल 2023 को** राजस्थान 15वीं विधानसभा के नए प्रतिपक्ष नेता **राजेंद्र सिंह राठौड़** को बनाया गया है।
- इससे पहले नेता प्रतिपक्ष **गुलाबचंद कटारिया** थे जो **वर्तमान में असम के राज्यपाल** बन गए है।
- 3 अप्रैल 2023 को राजस्थान **15वीं विधानसभा के नए प्रतिपक्ष उपनेता सतीश पूनिया** को बनाया गया है।

## हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी - प्रत्येक पंचायत में

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान बीज उत्पादन व वितरण मिशन के अंतर्गत प्रदेश की समस्त **11283 पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति** प्रदान की है।
- राजस्थान बीज उत्पादन तथा वितरण मिशन के अंतर्गत हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी प्रत्येक पंचायत में 0.2 हेक्टेयर भूमि में प्रगतिशील किसानों, विभाग के फार्म, कृषि प्रशिक्षण केंद्र और प्रमुख गौशाला में लगाई जाएगी।
- इसके लिए **₹23 करोड़ रुपए व्यय** किए जाएंगे।

**नोट –**

### हाइब्रिड नेपियर घास

- हाइब्रिड नेपियर घास एक बहु वर्षीय चाटा फसल इसे हर प्रकार की जलवायु और मिट्टी में उगाया जा सकता है
- किसानों और पशुपालकों के लिए एक बेहतर पशु चारा विकल्प है

## जयपुर की लेखिका ऋचा के काव्य संग्रह - 'अन - पोएटिक मी' का विमोचन

- **जयपुर की लेखिका ऋचा** की ओर से लिखित **काव्य संग्रह 'अन – पोएटिक मी' का दिल्ली में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विमोचन** किया।
- और ऋचा, सामाजिक विकास क्षेत्र में 15 वर्षों से सक्रिय रही है।

- अपनी इसी यात्रा को उन्होंने अपने पहले लेखन प्रयास में तब्दील किया है। यह काव्य संग्रह पाठक को एक यात्रा पर ले जाता है।
- हर कविता मानस पटल के उन चित्रों को उजागर करती दिखती है, जो जीवन जीने की दौड़ में अनदेखे रह जाते हैं। यहां ठहराव भी है और प्रेरणा भी ।

## पूजा मक्कड़ को मिला राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड

- **जयपुर अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में 7 अप्रैल को केसर बाग में राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताहिक कार्यक्रम में पूजा मक्कड़ को समाज सेवा कार्य के लिए राजस्थान समरसता रतन अवार्ड प्रदान किया जाएगा ।**

**राजस्थान समसामयिकी - 5 अप्रैल 2023**

## 33 प्रतिभाओं को 'राजस्थान गौरव अलंकरण' सम्मान

- राजस्थान का प्रतिष्ठित और 29 वर्ष से अनवरत आयोजित हो रहे **राजस्थान गौरव सम्मान समारोह 3 अप्रैल,** सोमवार को त्रिमूर्ति सर्किल स्थित एक होटल में हुआ ।
- इसमें प्रदेश की **33 प्रतिभाओं को 'राजस्थान गौरव अलंकरण' से सम्मानित** किया गया।
- **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि – राज्यपाल कलराज मिश्र**
- **सीनियर आईएएस अजिताभ शर्मा को 'राजस्थान गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया** गया।

1. दैनिक भास्कर के श्रवण शर्मा
2. आईपीएस राजीव पचार
3. समाजसेवी बीपी शर्मा
4. ज्योतिषाचार्य राम जी पंडित
5. ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री
6. निजी फाइनेंस ऑफिसर घनश्याम रावत
7. आईएएस आशु सिंह राठौड़
8. फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल
9. आईआरएस नितिन कुमार जैन
10. व्यवसायी राधेश्याम रंगा
11. उद्योगपति करण सिंह उचियारड़ा

12. चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. प्रवीण अग्रवाल
13. डॉ अशोक खंडाका
14. डॉ प्रियंका पाराशर
15. रिटायर्ड कर्नल वीएस बालोठिया

- उपरोक्त सभी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

## अमित का बॉडी बिल्डिंग में तीसरा स्थान

- **ऑल इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जयपुर के अमित जांगिड़ तीसरे स्थान** पर रहे।
- गुवाहाटी में आयोजित 34 वीं नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में अमित जांगिड़ ने यह कामयाबी हासिल की।

## राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में राजकीय भवनों पर बनेंगे वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर

- राजस्थान में राजकीय भवनों पर फिजिबिलिटी के आधार **वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर** बनाए जाएंगे।
- **'अटल भूजल योजना' के तहत ये स्ट्रक्चर राज्य 17 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों** में बनेंगे।
- इनसे वर्षा जल का संचयन एवं संरक्षण होगा।

## टीआईई राजस्थान की नए अध्यक्ष डॉ. शीनू झावर

- **इंडस एंट्रीप्रेनर्स (टीआईई राजस्थान) राजस्थान ने डॉ. शीनू झावर को नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त** किया है।
- **कार्यकाल – 2023 से 2025 तक**
- डॉ. झावर टीआईई राजस्थान के 21 वर्षीय इतिहास में इस पद को संभालने वाली **पहली महिला** बनती हैं।
- टाई राजस्थान टाई ग्लोबल का एक अध्याय है और 2021 में इसे सर्वश्रेष्ठ अध्याय के रूप में उपलब्धि प्राप्त हुई थी।
- 2002 में शुरू होने के बाद से टाई राजस्थान राजस्थान राज्य में एक नेता था और स्टार्ट–अप पारिस्थितिकी में बहुत योगदान दिया।

## स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को दिए जाने वाले ऋण पर 8% ब्याज अनुदान

- राज्य सरकार द्वारा महिला नीति के माध्यम से स्वंय सहायता समूह के सदस्यों को उपलब्ध कराये जाने वाले **ऋण पर 8% ब्याज अनुदान** दिया जायेगा ।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इससे संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया है ।
- वित्तीय वर्ष **2023 –24 के लिए 12 करोड़ रुपए के अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान** की है ।
- **यह ब्याज अनुदान सहायता समूहों के सदस्यों को 2 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध होने वाले ₹1 लाख तक के ऋण पर दिया जाएगा ।**

**राजस्थान समसामयिकी - 6 अप्रैल 2023**

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर मिला SKOCH Award

- राजस्थान के जयपुर में आयोजित **राष्ट्रीय स्तर की स्कॉच अवॉर्ड डिजिटल सेरेमनी में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान** मिला है।
- पालनहार योजना को गोल्ड अवॉर्ड, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति को सिल्वर अवॉर्ड तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को **सिल्वर अवॉर्ड से नवाजा** गया।
- राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने ये अवॉर्ड प्राप्त किये।

### अन्य महत्वपूर्ण स्कोच अवॉर्ड

- **जनकल्याण पोर्टल को ई–गवर्नेस श्रेणी में 2022 का स्कोच गोल्ड अवार्ड प्रदान** किया गया।
- **आवासन मंडल को लगातार दूसरी बार स्कोच गोल्ड अवार्ड 2022 से सम्मानित** किया गया है।
- गंग कैनाल रेगुलेशन कंप्यूटराइजेशन प्रोजेक्ट को ई–गवर्नेंस पहल में उत्कृष्टता के लिए **राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कार 2022**
- सरकारी विभागों में फाइल ट्रैकिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के लिए लांच किए गए **राजकाज सॉफ्टवेयर को स्कॉच सिल्वर अवार्ड 2022 प्रदान** किया गया।

- **इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना को महिला व बालविकास श्रेणी में स्कॉच सिल्वर अवार्ड** दिया गया।
- **ई–मित्र को ई–गवर्नेस श्रेणी में वर्ष 2022 के लिए स्कोच गोल्ड अवार्ड** मिला।
- **ई–गवर्नेस में राजस्थान को दूसरे स्थान** मिला है।
- **जल के क्षेत्र में प्रदेश चौथे स्थान से दूसरे स्थान** पर आ गया है।
- **आवास कैटेगरी में राजस्थान की प्रथम रैंक व परिवहन की श्रेणी में चौथी रैंक** बरकरार है।
- स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा में राज्य ने पहली, महिला एवं बाल विकास में दूसरी, कृषि और कौशल विकास में तीसरी, शिक्षा क्षेत्र में पांचवीं एवं सामान्य प्रशासन, शहरी विकास व ऊर्जा श्रेणी में 6वीं रैंक पर वापसी की है।

## इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2022

- **प्रथम – कर्नाटक स्थान पर ।**
- **राजस्थान 15 वें स्थान पर।**
- राजस्थान 2020 के मुकाबले पांच स्थान पिछड़ कर **15 वें स्थान पर** है।
- सबसे खराब स्थिति में उत्तर प्रदेश है।
- रिपोर्ट का आधार, न्यायपालिका में खाली पद, बजट, बुनियादी सुविधाएं, मानव संसाधन, कानूनी सहायता, जेलों की हालत, मानवाधिकार आयोग व पुलिस का कामकाज है।

## स्वैच्छिक क्षेत्र सम्बंधी समस्त संस्थाओं के लिए पंजीकरण व प्रमाणीकरण करवाना अनिवार्य

- VSDC पोर्टल–Voluntary Sector Devlopment Centre (स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र) राज्य में संचालित समस्त NGO, ट्रस्ट, फाउंडेशन, स्वैच्छिक क्षेत्र की संस्थाएं कम्पनी अधिनियम 2013 में सेक्शन 8 में दर्ज कम्पनियां है, उन्हे इस पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

## तीन दिवसीय किसान मेला बीकानेर 27-29 मार्च 2023

- **27-29 मार्च 2023 को बीकानेर में स्थित स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय किसान मेला** आयोजित हुआ।
- **किसान मेला 'पोषक अनाज, समृद्ध किसान' की थीम पर** आयोजित किया गया।

## हैरिटेज को संरक्षित रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के के संगठन ऑस हैरिटेज व पीडीकोर में एमओयू

- राजस्थान की गुलाबी नगरी जयपुर को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने हेतु **आस्ट्रेलिया के संगठन ऑस हैरिटेज और पीडीकोट के बीच एक एमओयू साइन** हुआ है।
- जयपुर में पीडीकोर, जेडीए, नगर निगम जयपुर हैरिटेज, जयपुर स्मार्ट सिटी लि. व आस्ट्रेलिया के संगठन ऑस हैरिटेज और पीडीकोट के बीच एक एमओयू साइन हुआ है।
- यूनेस्को की ओर से जयपुर के परकोटा क्षेत्र को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी का खिताब मिला और साल 2015 में जयपुर को क्राफ्ट सिटी घोषित किया था।
- **PDCOR- (पीडीकोर) – A project development company jointly promoted by Government of Rajasthan and IL&FS.**

## राजस्थान युवा बोर्ड की पहल 18-19 अप्रैल को शेखावाटी युवा महोत्सव

- **युवा कलाकारों के लिए महोत्सव** आयोजित होंगे।
- **प्रदेश के 15–29 वर्ष आयु के कलाकार** भाग लेंगे।
- राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष श्री सीताराम लाम्बा ने बताया कि **18–19 अप्रैल को सीकर में 'शेखावाटी युवा महोत्सव'** से इन आयोजनों की शुरुआत होगी।
- इसके बाद राजसमन्द जिले में हल्दीघाटी युवा महोत्सव, कोटा में हाड़ौती युवा महोत्सव एवं जोधपुर में मारवाड़ युवा महोत्सव का आयोजन होगा।

## राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा 8 वरिष्ठ कलाकारों को "कलाविद" सम्मान

- जयपुर स्थित राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा इस वर्ष के लिए राज्य के **8 वरिष्ठ कलाकारों को अकादमी के सर्वोच्च सम्मान** से सम्मानित किया जाएगा।
- अकादमी द्वारा वर्ष 2013 में **राज्य के वरिष्ठ कलाकार प्रो. वीरबाला भावसार, जयपुर एवं कन्हैया लाल वर्मा संभर लेक जयपुर को यह सम्मान प्रदान** किया गया था।
- वर्ष 2023 के लिए यह सम्मान डॉक्टर सेल चोयल प्रोफेसर सीएस मेहता प्रोफेसर भवानी शंकर शर्मा सभी राशन कार्ड जी श्रीमती दीपिका हाजरा डॉ रीता प्रताप सुब्रतो मंडल एवं महावीर स्वामी को दिया जाएगा।
- **कलाविद पुरस्कार के लिए ₹50000 नगद पुरस्कार** दिया जाएगा।

- **नोट – राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर के अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास है।**
- राजस्थान ललित कला अकादमी की स्थापना जयपुर में 1957 में की गई।
- **राजस्थान ललित कला अकादमी मुख्यालय झालाना डूंगरी जयपुर** में स्थित है।
- **ललित कला अकादमी का उद्देश्य राज्य की क्षेत्रीय कला और कलाकारों को प्रेरित करना और उनका समर्थन करना है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 7 अप्रैल 2023**

### राज्य सरकार और फ्रांस डवलपमेंट एजेन्सी के मध्य हुआ समझौता-

- **राज्य सरकार और फ्रांस डवलपमेंट एजेन्सी के मध्य समझौता** हुआ है।
- वर्ष 2023–24 में फ्रांस डवलपमेंट एजेन्सी के सहयोग से क्रियान्वित होने वाली राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के अंतर्गत 13 जिलों में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा।
- **जिससे राजस्थान के हरित क्षेत्र में वृद्धि** होगी

### पीपाजी महाराज का 700 वां जन्म महोत्सव

- **दर्जी समाज के आराध्य देव संत पीपाजी महाराज का 700 वां जन्म महोत्सव 6 अप्रैल 2023** को मनाया।
- संत पीपा जी के बारे में संपूर्ण जानकारी यहां पर पढ़ें

### बांसवाड़ा में हरिदेव जोशी स्टेडियम का उद्घाटन

- **ठीकरिया बांसवाड़ा में क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन 6 अप्रैल 2023** को किया गया।
- **स्टेडियम का नाम पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी के नाम पर** रखा गया।
- इसके विस्तार के लिए आरसीए और पंचायत समिति के बीच एमओयू हुआ है।

### SMS मुफ्त रोबोटिक सर्जरी करने वाला एकमात्र देश का सरकारी अस्पताल

- राजस्थान का सवाई मानसिंह अस्पताल देश का एकमात्र ऐसा सरकारी अस्पताल है जहां पर **मुफ्त में रोबोटिक सर्जरी** होते हैं।
- एक माह में **22 मरीजों की मुफ्त रोबोटिक सर्जरी** हो चुकी है।

**SMS के नाम है 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड**

1. SMS. अस्पताल में 1 दिन में 12000 से अधिक ओपीडी का सर्वाधिक आईपीडी और जांच का ।

2. सबसे बड़ा गॉलब्लेडर निकालने का और

3. सबसे कम उम्र में के बच्चे का गॉलब्लेडर निकालने का वर्ल्ड रिकॉर्ड SMS के जनरल सर्जन डॉक्टर जीवन के नाम है।

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड बनी देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था

- **राजस्थान हाउसिंग बोर्ड देश की सबसे बड़ी रेरा रजिस्टर्ड संस्था बन** गई है।
- अबतक 100 प्रोजेक्ट रेरा में रजिस्टर्ड हैं।
- 100वां प्रोजेक्ट जोधपुर की चौपासनी में उद्यान अपार्टमेंट है।
- बोर्ड द्वाटा चलाए जा रही सभी परियोजना में रेरा की पालना सुनिश्चित करने के लिए शाखा का गठन किया गया और बोर्ड शत प्रतिशत रेरा की पालना कर रहा है।

राजस्थान आवासन मण्डल (Rajasthan Housing Board ) संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- पिछले चार वर्षों में **राजस्थान आवासन मण्डल को कुल 12 अवार्ड मिल** चुके हैं।
- इनमें स्कॉच अवार्ड–2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आईबीसी और स्टार ऑफ गवर्नेंस गोल्ड अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।
- **Rajasthan Housing Board (राजस्थान आवासन मंडल) की स्थापना 24 फरवरी 1970 को हुआ था।**
- राजस्थान आवासन मंडल का **मुख्यालय जयपुर** में स्थित है।
- राजस्थान आवासन मण्डल के **वर्तमान अध्यक्ष (Chairman) श्री पवन अरोड़ा** है।
- देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी संस्था ने 20 फरवरी 2023 को राजस्थान आवासन मण्डल के आयुक्त श्री पवन अरोड़ा को '**ग्लोबल सीएसआर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप**' अवार्ड और टाइम्स समूह की वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ने '**विजनरी लीडर**' से सम्मानित किया है ।
- **रेरा** (रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण )के चेयरमैन – एनसी गोयल है।
- रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016, भारत सरकार द्वारा मई, 2016 को अधिनियमित किया गया था।

- 1 मई, 2017 को राजस्थान रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियम, 2017अधिसूचित किए गए।

## 2 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने **2 विश्वविद्यालयों में नये कुलपतियों की नियुक्तियां** दी है।

1. **प्रो. रमेश चन्द्रा को** – महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर का कुलपति नियुक्त किया है ।
2. **प्रो. शील सिंधु पांडेय को – राज ऋषि भर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर का कुलपति नियुक्त किया है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 8 अप्रैल 2023**

## अंतर्राष्ट्रीय नारी शक्ति शिरोमणि पुरस्कार 2023

- **सोनगांव, डीग (भरतपुर) की सरपंच आशा कुमारी लोधा** को अंतरराष्ट्रीय समरसत्ता मंच की ओर से नेपाल के **उपराष्ट्रपति परमानंद झा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नारी शक्ति शिरोमणि पुरस्कार** 2023 प्रदान किया गया
- थेरावर ग्राम, कुम्हेर (भरतपुर) के सरपंच सावित्री यादव को भी **अंतर्राष्ट्रीय नारी शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड 2023 से सम्मानित** किया

## एशियन केनो स्प्रिंट चैंपियनशिप के लिए तनिष्क पटवा चयनीत

- **उदयपुर की तनिष्क पटवा का वाटर स्पोर्ट्स (तैराक)एशियन केनो स्प्रिंट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन** हुआ है ।
- इस क्षेत्र में भारतीय टीम में शामिल होने वाली **तनिष्क पटवा राजस्थान की पहली खिलाड़ी** है।
- वाटर स्पोर्ट्स एशियन कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप आयोजन अप्रैल 2023 में उज्बेकिस्तान में किया जाएगी।

### अब से शहीद के माता-पिता को 'वीर माता और पिता पुकारा जायेगा -

- **राज्यपाल कलराज मिश्र की पहल पर सैनिक कल्याण विभाग अब शहीद के माता–पिता को 'वीर माता और वीर पिता पहचान पत्र जारी** करेगा।
- इसी तरह शहीद और गैलेंट्री अवार्ड से अलंकृत सैनिकों के नाम से विद्यालयों या सार्वजनिक स्थलों के नामकरण की नीति सरल की जाएगी।
- राज्यपाल ने इस संबंध में प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित करने को कहा है।

### "ला ॅ क्लिक" मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च

- **हाई कोर्ट बार एसोसिएशन एसोसिएशन द्वारा डिजिटल माध्यमों से कानूनी सेवाएं आसानी से प्रदान करने के लिए "ला ॅ क्लिक" मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 9 अप्रैल 2023**

### जवाहर कला केन्द्र का स्थापना दिवस समारोह

- जवाहर कला केन्द्र, **जयपुर की स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 8 से 10 अप्रैल 2023 तक स्थापना दिवस समारोह** आयोजित किया जा रहा है।
- 8 अप्रैल 2023 को तीन दिवसीय उत्सव का शुभारंभ प्रमुख सचिव कला एवं संस्कृति श्रीमती गायत्री राठौड़ ने डूडल वॉल पर संदेश लिखकर किया।
- **30 वर्ष में देश का प्रमुख सांस्कृतिक केन्द्र** बना है।
- **जवाहर कला केन्द्र जयपुर की स्थापना 1993** में की गई।
- **जवाहर कला केंद्र के वास्तुकार (आर्किटेक्ट) चार्ल्स कोरिया है।**

### पुष्कर सरोवर में गंदा पानी रोकने के लिए - स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज योजना

- बरसात के पानी के साथ–साथ शहर का गंदा पानी पुष्कर सरोवर में जाने के कारण पवित्र जल प्रदूषित हो रहा था।
- अब इस समस्या के समाधान के लिए **"स्ट्राम वाटर ड्रेनेज योजना"** शुरू की गई है मानसून से पूर्व यह कार्य किया जाएगा।

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा **पुष्कर के विकास के लिए 500 करोड़ रुपये स्वीकृत** किए गए हैं।

## करौली जिले में "आंचल अभियान" का शुभारंभ

- **करौली** जिले में गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य देखभाल के लिए **'आंचल अभियान'** शुरू किया गया है।
- जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में इस **अभियान से 13,144 महिलाएं** लाभान्वित हो चुकी हैं।
- अभियान के दौरान **गर्भवती महिलाओं के खून में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच** की गई । **गर्भवती महिलाओं के खून में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच**

## डॉ आरए मशेलकर को मिलेगा जेकेएलयू लॉरिएट अवार्ड

- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित वैज्ञानिक **डॉ आरए मशेलकर को 14 अप्रैल 2023 को जेकेएलयू लॉरिएट अवार्ड से नवाजा** जाएगा ।
- जेके समूह के संस्थापक हरि शंकर सिंघानिया की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर योगदान के लिए ख्यातनाम हस्तियों को लॉरिएट अवार्ड से सम्मानित किया जाता है ।
- **यह अवार्ड का आठवां एडिशन होगा ।**

## पुष्कर देश का पहला नेट जीरो ग्रीन टाउन

- राज्य सरकार पुष्कर को वेटिकन सिटी की तरह विकसित करा रही है, जहां अध्यात्म और पर्यटन दोनों का समावेश होगा।
- **पुष्कर देश का पहला ऐसा टाउन होगा जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा (नेट जीरो ग्रीन टाउन) से संचालित होगा ।**

**राजस्थान समसामयिकी - 10 अप्रैल 2023**

## कोटा पुलिस का नवाचार - 'एक अपराधी, एक पुलिसकर्मी' योजना

- राज्य में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

- **कोटा पुलिस ने अपराध पर सख्ती के लिए एक नवाचार** किया है।
- **अपराधियों पर निरंतर निगरानी के लिए एक अपराधी, एक पुलिसकर्मी योजना** शुरू की है।

## बांसवाड़ा में डेयरी प्लांट का निर्माण

- राजस्थान के **आदिवासी बहुल जिले बांसवाड़ा में जल्द ही 31 करोड़ रुपये की लागत से नए डेयरी प्लांट का निर्माण** किया जाएगा।
- राजस्थान को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबन्ध **संचालक श्रीमती सुषमा अरोड़ा** हैं ।
- कोटा में राज्य के सबसे बड़े सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम औद्योगिक प्रदर्शनी और मेले का उद्घाटन
- लोकसभा अध्यक्ष ओम विडला और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने राजस्थान के **कोटा में राज्य के सबसे बड़े सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम औद्योगिक प्रदर्शनी और मेले का उद्घाटन** किया।

## 40वीं सारस गणना - भरतपुर जिले में सारस की संख्या में बढ़ोतरी

- 9 अप्रेल को घना केवलादेव नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी एवं वन विभाग के सहयोग से **40वीं सारस गणना** की गई।
- भरतपुर जिले में सारस की संख्या में पहली बार बढ़ोतरी हुई है **भरतपुर में सारस 171 पाए** गए।
- भरतपुर के सवाई खेड़ा में 90 नोनेरा में 81 सारस मिले।
- जबकि **घाना पक्षी विहार में 12 सारस ही दिखे जो कि 1983 की पहली गणना में 258 सारस** थे।
- 40 वीं सारस गणना में **कुल 185 सारस मिले जिसमें 171 भरतपुर, 12 घाना, व 2 उत्तर प्रदेश** में मिले।
- **भरतपुर जिले का शुभंकर सारस** है।

## चिरमी प्रतियोगिता

- **"चिरमी" राजस्थान के मारवाड़ और मेवाड़ का पारंपरिक खेल** है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रयासों से इसे पुनर्जीवित किया है।
- प्रतियोगिता में **श्वेता शर्मा प्रथम व अरुण शर्मा द्वितीय व अरुण जोशी तृतीय स्थान** पर रही।

- चिरमी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत रही।

## टाइगर रिजर्व प्रबंधन एवं प्रभावी मूल्यांकन रिपोर्ट 2022

- प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी ने टाइगर रिजर्व के 50 साल पूरे होने पर रिपोर्ट जारी** की है।
- मुकुंदरा टाइगर रिजर्व 2018 की रिपोर्ट में **"फेयर केटेगरी"** मैं था जोकि अब 2022 की रिपोर्ट में **"गुड कैटेगरी"** में आ गया।
- **मुकुंदरा टाइगर रिजर्व को टाइगर रिजर्व प्रबंधन एवं प्रभावी मूल्यांकन रिपोर्ट 2022 में 60.16 अंक मिले हैं।**

## गुड कैटेगरी में राजस्थान के तीन टाइगर रिजर्व

- **रणथंभौर 70.91 सरिस्का 64 .15 मुकंदरा 60.16 अंक।**
- नोट – मूल्यांकन में हाड़ौती का दूसरा रिजर्व टाइगर रामगढ़ विषधारी को शामिल नहीं किया गया था क्योंकि इसका नोटिफिकेशन वर्ष 2022 में जारी हुआ था
- भारत के **50 रिजर्व टाइगर में से 12 एक्सीलेंट, 20 वेरी गुड, 14 गुड व 5 को फेयर कैटेगरी में शामिल** किया गया है।

## धींगा गवर मेला

- **धींगा गवर मेला जोधपुर में भरा** जाता है।
- तिजणियों के **16 दिन के गणगौर पूजन के समापन के बाद धींगा गवर मेला** लगता है।
- मेले में पुरुषों का आना वर्जित रहता है।
- **ऐसी मान्यता है कि गवर माता का पूजन और व्रत करने वाली तिजणियों से कोई युवक आपसी सौहार्द से बैंत खाता है तो उसका विवाह जल्द जाता है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 11 अप्रैल 2023**

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित

- राजस्थान सरकार ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल को प्रदेशभर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

- इससे पहले में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर ऐच्छिक अवकाश घोषित था।

- महात्मा फुले ने समाज में छुआछूत खत्म करने और उसे अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाई थी।
- इससे पहले सरकार ने 28 जनवरी 2023 को भगवान देवनारायण जी 1111वीं जयंती पर वैकल्पिक अवकाश को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था।

## राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2022-23 राज्य की स्वयं की भागीदारी तापीय विद्युत

- राजस्थान में 2022–23 में ताप शक्ति से उत्पादित अधिष्ठापित विद्युत क्षमता– राज्य की स्वयं की भागीदारी तापीय विद्युत 7830 मेगा वाट है।
- राजस्थान में ऊर्जा का प्रमुख स्रोत तापीय शक्ति (कोयला, गैस, नेप्था, तेल, तरल ईंधन आदि) है।
- राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2022–23 के अनुसार राज्य में अधिष्ठापित क्षमता 23487 मेगावाट हो गई है।
- केंद्रीय परियोजनाओं से राज्य को आवंटित तापीय विद्युत – 1916 मेगावाट है।

## राज्य वित्त आयोग पष्ठम योजना वर्ष 2022-23

- पन्द्रहवें वित्त आयोग की पंचायत अवधि वर्ष 2021–22 से 2025–26 तक (5 वर्ष) है।
- षष्टम राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राशि पंचायती राज संस्थाओं यथा जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत में क्रमश: 5:20:75 के अनुपात में वर्ष 2011 की जनसंख्या एवं प्रस्तावित जिलेवार भारांक के आधार पर वितरित की जायेगी।
- राज्य वित्त आयोग पष्ठम योजना में वर्ष 2022–23 के बजट अनुमान में 7113.00 करोड़ है।
- राशि 2156.26 करोड़ पंचायतीराज संस्थाओं को हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022–23 में माह दिसम्बर, 2022 तक 2,368.28 करोड़, व्यय कर 61,930 कार्य पूर्ण करवाए गए हैं।

- 12 अप्रैल, 2021 को राजस्थान के छठे राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह को बनाया गया।
- **राजस्थान के प्रथम राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष कष्ण कुमार गोयल थे।**

## राजस्थान समसामयिकी - 12 अप्रैल 2023

### राजस्थान की पहली वंदे भारत ट्रेन

- राजस्थान की पहली वंदे भारत ट्रेन 12 अप्रैल से नियमित रूप से अजमेर से दिल्ली के बीच संचालित होगी।
- वंदे भारत ट्रेन राजस्थान में अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी से दिल्ली जाएगी।
- ये देश की पहली वंदे भारत ट्रेन होगी, जो सिगनल अपग्रेडेशन के बिना दौड़ेगी।
- फिलहाल इसकी स्पीड 110 किमी / घंटा होगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री के द्वारा दिल्ली से की जाएगी
- वंदे भारत ट्रेन राजस्थान में अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी से दिल्ली जाएगी।

### राजस्थान का पहला डिजिटल स्कूल

- राजस्थान का पहला डिजिटल स्कूल अंबावाडी , जयपुर में आश्रय संस्था ने विद्या भारती के आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में यह शुरुआत की है।
- एडुफ्रंट के सहयोग से डिजिटल लर्निंग इको सिस्टम पर आधारित पायलट प्रोजेक्ट में "**वन टैबलेट पर चाइल्ड प्रोग्राम ओटीपीसी** " में छठी से 12वीं क्लास तक के 25 टीचर्स और 350 स्टूडेंट्स को जोड़ा गया है।
- **आदर्श विद्या मंदिर भारत का पहला बैगलेस स्कूल बन गया।**
- रोबोटिक्स द्वाटा टैबलेट पर साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथेमेटिक्स प्रोग्राम की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### 100 साल पुराने बांधों का सेफ्टी ऑडिट में राजस्थान के 4 बांध

- हाल ही में देश में 100 साल पुराने बांधों का सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा इनमें राजस्थान के 4 बांध शामिल हैं।
- देश के कुल 234 बांध इस दायरे में आते हैं।
- इनमें सर्वाधिक 63 बांध एमपी में हैं।

- राजस्थान के 1. स्वरूप सागर 2. उदय सागर 3. राजसमंद तथा 4. जयसमंद बांध शामिल है|

## प्रदेश में पहली बार - सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, उदयपुर में जिराफ लाए जाएंगे

- सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, उदयपुर में जिराफ 2024 तक लाये जा सकेंगे।
- अभी दो जोड़े यानी 4 जिराफ लाने की योजना है।
- यह प्रदेश में पहला मौका होगा, जब कहीं पर जिराफ लाए जाएंगे।
- सेंट्रल जू अथॉरिटी से हरी झंडी मिलने के बाद वन विभाग ने जिराफ के लिए 0.7 हेक्टेयर में एनक्लोजर बनाने का पूरा प्लान तैयार कर लिया है।
- बायोलॉजिकल पार्क में नोडल रेप्टाइल जिराफ जेबरा दरियाई घोड़ा को लाने की भी योजना भी है।

## आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार राजस्थान राज्य में रेल मार्ग की कुल लंबाई

- 2 मार्च 2020 में राजस्थान में रेल मार्गों की कुल लंबाई 5998 किलोमीटर थी।
- मार्च 2021 के अंत तक राजस्थान में रेल मार्गों की कुल लंबाई 6019 किलोमीटर हो गई है।
- **राजस्थान में रेलमार्ग 68,103 किलोमीटर लंबाई के भारतीय रेल मार्ग का 8.83% है**

**राजस्थान समसामयिकी - 13 अप्रैल 2023**

## राजस्थान के हर्ष चौधरी पुरुष वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित

- हर्ष चौधरी पुरुष वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए 86 किग्रा में चयनित हुए हैं।
- हर्ष चौधरी वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले राजस्थान के प्रथम बॉक्सर हैं।

## राजस्थान के 8 जिलों के में स्मार्ट शाला प्रोग्राम का शुभारंभ किया

- शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी डी कल्ला द्वारा प्रदेश के **8 जिलों के चिह्नित विद्यालयों में स्मार्ट शाला प्रोग्राम का शुभारंभ** किया।
- स्मार्ट शाला प्रोग्राम का शुभारंभ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद और संपर्क फाउंडेशन के बीच एमओयू के तहत किया गया।
- **8 जिले –बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, धौलपुर, सिटोही, करौली, बांरा, जैसलमेर।**

## पन्ना लाल मेघवाल की "राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं" पुस्तक का विमोचन

- सूचना व जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक **पन्ना लाल मेघवाल द्वारा लिखित** "**राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं**" तथा इसका अंग्रेजी अनुवाद "**दी हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ राजस्थान**" पुस्तक का विमोचन किया गया।

## राज्य आर्थिक समीक्षा 2022-23 राजस्थान में सड़कों की लंबाई व घनत्व

- राज्य आर्थिक समीक्षा 2022–23 के अनुसार मार्च 2022 तक राजस्थान में सड़कों की लंबाई 2,78,813.23 किलोमीटर है।
- जो कि वर्ष 1949 में सड़कों की लंबाई सिर्फ 13,553 किलोमीटर थी।
- राजस्थान में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर सड़कों का घनत्व 81.47 किलोमीटर है।
- **जबकि राष्ट्रीय स्तर पर सड़कों का घनत्व 165.23 किलोमीटर हैं।**

**राजस्थान समसामयिकी - 14 अप्रैल 2023**

## अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट

- 25 मार्च, 2023 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने हरियाणा के गुरुग्राम जिले के टिकली गाँव में अंतरर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में **"अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट"** का उद्घाटन किया।
- "**अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट**" का उद्देश्य पाँच राज्यों में फैली **अरावली पर्वत श्रृंखला के लगभग 5 किमी. के बफर क्षेत्र को हरित** बनाना है।
- यह प्रोजेक्ट केंद्रीय वन मंत्रालय के भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये देश भर में ग्रीन कॉरिडोर तैयार करने के विजन का हिस्सा है।
- "अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट" में हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्य शामिल हैं।
- जहाँ 60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर अरावली की पहाड़ियाँ फैली हैं।

## "आपणी धरोहर-आपणो गौरव" पुस्तक का विमोचन

- 12 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में **"आपणी धरोहर–आपणो गौरव" पुस्तक** का विमोचन किया।
- यह पुस्तक राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा प्रदेश भर में रणबाँकुरों, महापुरूषों, संत महात्माओं, लोक देवी–देवताओं और साहित्य सेवी विद्वानों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बनाए जा रहे पेनोरमाओं पर केंद्रित है।

- डॉ. बी. डी. कल्ला ने पन्नाधाय पेनोरमा, बप्पारावल पेनोरमा एवं महाराणा राजसिंह पेनोरमाओं पर बने तीन वृत्त चित्रों का भी लोकार्पण किया व राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के विशेष लोगो का भी विमोचन भी किया।
- इस लोगो में भक्ति, शक्ति, विरासत और साहित्य के प्रतीकों का समावेश किया गया है।□□

पीएम श्री योजना में राजस्थान के 402 सरकारी विद्यालयों चयन -

- देश में सबसे अधिक **राजस्थान के 402 सरकारी विद्यालयों का हुआ पीएम श्री योजना में चयन** हुआ है।
- शानदार स्कूल परिसर, सर्वाधिक नामांकन और शैक्षिक नवाचारों के कारण दूसरे राज्यों को पीछे छोड़ प्रदेश बना सिरमौर ।
- **सभी चयनित सरकारी स्कूलों को मिलेगी दो-दो करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी।**

**राजस्थान समसामयिकी - 15 अप्रैल 2023**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना - बेहतर क्रियान्वयन के लिए राजस्थान को दो राष्ट्रीय सम्मान**

- राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया गया है।
- राजस्थान को "**डीजी क्लेम" के माध्यम से क्लेम वितरण का उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रथम पुरस्कार।**
- और लम्बित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए **द्वितीय पुरस्कार** मिला है।
- राजस्थान में बीमा योजना के तहत पिछले 4 वर्षों में 18,500 करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम वितरित किए गए हैं।
- वर्ष 2022-23 में 80% पॉलिसी "मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" शिविर में वितरित की गई है।
- खरीफ 2022 तक का अधिकांश राज्यांश प्रीमियम चुकाया जा चुका है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) 18 फरवरी, 2016** को शुरू की गई।

फसल बीमा के अंतर्गत दी गई प्रीमियम राशि -

- खरीफ फसल के लिए- 2%
- रबी की फसल के लिए 1.5%
- वाणिज्य व बागवानी फसल 5%

- उत्तर–पूर्वी क्षेत्र को छोड़कर जहाँ यह 90:10 है, इन सीमाओं से अधिक प्रीमियम केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा 50:50 के आधार पर साझा किया जाता है।

## राजस्थान में एकमात्र राणाप्रताप सागर बांध को आइकोनिक व प्रसिद्ध बांध का दर्जा

- केंद्रीय जल आयोग ने **देश के 17 बांधों को आइकोनिक (प्रतिष्ठित) और फेमस (प्रसिद्ध) बांध** माना है।
- इसमें राजस्थान का एकमात्र **"राणाप्रताप सागर" बांध (चितौड़गढ़)** को यह दर्जा मिला है।

### राणाप्रताप सागर बांध से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- राणाप्रताप सागर बांध का **9 फरवरी 1970 को लोकार्पण** किया गया था।
- इस पर **6 परमाणु बिजलीघर 1080 मेगावाट पर प्रचालन** कर रहे हैं।
- 700-700 मेगावाट के 2 परमाणु रिएक्टर निर्माणाधीन हैं।
- इसकी पूर्ण भ**राव स्तर 1157.50 फीट, ऊंचाई 177 फीट तथा आधार क्षमता 1. 27 लाख एकड़ फीट** है।

## जयपुर में G-20 देशों के W-20 समूह की अंतरर्राष्ट्रीय बैठक का आयोजन

- राजस्थान के **जयपुर में 13–14 अप्रैल 2023 को G-20 देशों के W-20 समूह की अंतरर्राष्ट्रीय बैठक का आयोजन** किया गया।

### राजस्थान में हुए अन्य G-20 शिखर सम्मेलन

- **4 से 7 दिसंबर 2022 को G-20 शेरपा सम्मेलन का आयोजन राजस्थान के उदयपुर** में हुआ।
- **2 से 4 फरवरी 2023 G-20 शिखर सम्मेलन की बैठक राजस्थान के जोधपुर** में हुई।

## ढोला मारू टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स - जैसलमेर

- **दामोदरा गांव, जैसलमेर में राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) द्वारा ढोला–मारू टूरिस्ट काम्पलेक्स** बनाने जा रहा है।
- इसके बनने के साथ ही **जैसलमेर व पश्चिम राजस्थान पर्यटन हब** बनेगा।
- ढोला मारू टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स के लिए जैसलमेर के दामोदरा गांव में भूमि आरक्षित की गई है।

- जिसमें होटल, कैंपिंग, डेज़र्ट रिसोर्ट, लोक कला प्रशिक्षण संस्थान, प्रदर्शन कला केन्द्र, परम्परागत हाट बाजार, फूड बाज़ार, पार्क, पब्लिक प्लाजा आदि जनोपयोगी आदि आवश्यक सेवाओं के लिए कार्य प्रस्तावित है।

### श्री गुरु नानक देव सिख कल्याण बोर्ड का गठन

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने **14 अप्रैल 2023 बैसाखी पर्व के अवसर पर श्री गुरु नानक देव सिख कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी** दी है।
- बोर्ड का प्रशासनिक विभाग अल्पसंख्यक मामलात विभाग होगा।
- श्री गुरु नानक देव सिख कल्याण बोर्ड में कुल सात गैर सरकारी सदस्य होंगे।
- जिनमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य शामिल होंगे।
- बोर्ड का उद्देश्य सिख समुदाय के विभिन्न वर्गों के लोगों के उत्थान के लिए योजनाएं प्रस्तावित करना और रोजगार को बढ़ावा देने के संबंध में सुझाव देना है।
- बोर्ड सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक योजनाओं में सिख समुदाय की भागीदारी, समुदाय के लिए नवीन योजनाओं की प्रगति और इनके क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों और समाधान हेतु निरंतर समीक्षा करेगा।
- **RTDC के वर्तमान चेयरमैन – धर्मेंद्र राठौड़ है।**

**राजस्थान समसामयिकी - 16 अप्रैल 2023**

### अजमेर मेगा जॉब फेयर संभाग स्तरीय मेला 20-21 अप्रैल 2023

- **अजमेर में संभाग स्तरीय मेगा जॉब फेयर 20–21 अप्रैल** को होगा।
- जिला कलक्टर श्री अंश दीप ने बताया कि रोजगार मेला **चन्द्रवरदाई नगर स्थित स्टेडियम** में आयोजित होगा।
- संभाग स्तर के मेगा जॉब फेयर की श्रृंखला में यह पांचवा रोजगार मेला है।
- इससे पहले **जयपुर, बीकानेर, उदयपुर और भरतपुर संभाग में जॉब फेयर** आयोजित किए जा चुके हैं।
- https://rajasthan. के माध्यम से भी पंजीकरण किया सकता है।

## हरीतिमा ढाणी चूरू 4000 लोगों ने पेड़ों की रक्षा की शपथ ली बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

- ग्राम पंचायत गोपालपुरा में **15 अप्रैल को 2023 को हरीतिमा ढाणी में एक ही दिन में एक ही जगह और एक साथ करीब 4000 लोगों ने पेड़ पौधों को गले लगाकर गोद लेने का रिकॉर्ड** बनाया।
- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दो विश्व रोड रिकॉर्ड बनाने के दावे पर रजिस्ट्रेशन करवाया गया है।

**हरीतिमा ढाणी से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- **चुरू जिले के सुजानगढ़ की हरीतिमा ढाणी में बनेगा डेजर्ट पार्क**
- **19 जुलाई 2021 को हरीतिमा ढाणी की शुरुआत** हुई थी ।
- चूरू के सुजानगढ़ से सटे गांव गोपालपुरा की महिलाओं ने 144 बीघा बंजर जमीन को हरीतिमा ढाणी बना दिया।

## राजस्थान खान विभाग ने 1,321 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया

- राज्य में पांच प्रमुख माइनर मिनरल्स से ही राज्य सरकार को **1,321 37 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त** हुआ है।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव खान डॉ. सुबोध अग्रवाल के अनुसार, मैसेनेरी स्टोन, मार्बल, ग्रेनाइट सैंड स्टोन और लाइमस्टोन बर्निंग माइनर मिनरल्स से वर्ष 2019–20 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022–23 में **राजस्व में 400 करोड़ रुपये की वृद्धि** हुई है।
- खनिज और पेट्रोलियम क्षेत्र से वर्ष 2022–23 में कुल 12,100 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहित हुआ है।
- वर्ष 2022–23 में खनिज क्षेत्र से 7,211 करोड़ रुपये और पेट्रोलियम क्षेत्र से 4,889 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया है।
- ग्रेनाइट से वर्ष 2019–20 में 113.73 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था जो दो गुणा वृद्धि के साथ वर्ष 2022–23 में 226.06 करोड़ रुपये हो गया है।
- मेसेनेरी स्टोन, मार्बल, ग्रेनाइट सैंड स्टोन और लाइमस्टोन बर्निंग माइनर मिनरल्स से वर्ष 2019–20 में 919.41 करोड़ रुपये, वर्ष 2020–21 में 846.98 करोड़ रुपये और वर्ष 2021–22 में 1,127.06 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में पांचों माइनर मिनरल्स में गत वित्तीय वर्ष से भी 184 करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

## नीदरलैंड से धौलपुर आई गाॅडविट चिड़िया

- **नीदरलैंड का राष्ट्रीय पक्षी नन्ही ब्लैक टेल्ड गाॅडविट चिड़िया (माइग्रेटरी चिड़िया) तालाबशाही धौलपुर** में देखा गया है।
- ब्लैक टेल्ड गाॅडविट की **कुल लंबाई लगभग 42 सेंटीमीटर तक होती है चोंच की लंबाई 7.5 से 12 सेंटीमीटर** तक हो सकती है।
- **यह पक्षी 3 महीने में 5000 की में सफर तय कर चुकी है।**

राजस्थान समसामयिकी - 17 अप्रैल 2023

## महंगाई राहत कैंप 24 अप्रैल से

- राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत देने के लिए जन- कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।
- इसके लिए **24 अप्रैल से प्रदेशभर में महंगाई राहत कैंप** लगेंगे।
- **प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत 11,283 ग्राम पंचायतों।**
- शहरों के संग अभियान के तहत **7,500 वार्डों में यह राहत कैंप आयोजित** होंगे।
- इनमें राज्य सरकार द्वारा संचालित 10 जन हितैषी योजनाओं से लोगों को जोड़ा जाएगा।

## कोटा की नंदिनी गुप्ता बनीं फेमिना मिस इंडिया

- कोटा **निवासी नंदिनी गुप्ता फेमिना मिस इंडिया 2023** चुनी गईं हैं।
- इससे पहले **जयपुर की सुमन 2019 में मिस इंडिया** बनीं थीं।
- अब **नंदिनी मिस वर्ल्ड 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व** करेंगी।
- **मिस इंडिया 2023 का फिनाले मणिपुर के इंफाल** में हुआ।

## आईपीएल की तर्ज पर होंगे आरपीएल मैच

- भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड **(बीसीसीआई) ने आईपीएल(IPL) की तर्ज पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) को राजस्थान प्रीमियर लीग(आरपीएल/RPL)** करवाने की अनुमति दे दी है।
- **आरपीएल को मंजूरी से छोटे शहरों में भी मैच करवायें** जा सकते है।
- आरसीए ने बीसीसीआई से सितंबर 2021 में आयोजन की अनुमति मांगी थी।
- आरपीएल के मैच **जयपुर के अलावा जोधपुर, उदयपुर, राजसमंद और बांसवाड़ा में करवाए** जा सकते हैं।
- **आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत** है।
- नोट – अभी तमिलनाडु में आईपीएल की तर्ज पर स्टेट लीग का आयोजन किया जाता है।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर पुरस्कार वितरण

- **14 अप्रैल 2023 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती** पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अंबेडकर पुरस्कार योजना के तहत सामाजिक सेवा, शिक्षा, महिला उत्थान एवं न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया।

### अंबेडकर पुरस्कार योजना में दिए गए पुरस्कार

- **अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार – मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान**
- **अंबेडकर महिला कल्याण पुरस्कार – सुनीता छाबड़ा (जयपुर)**
- **अंबेडकर न्याय पुरस्कार – हरि लाल बैरवा (सवाईमाधोपुर)**

## पृथ्वी विज्ञान शोधकर्ताओं की रैंकिंग में राजस्थान के एमके पंडित 31वें स्थान पर

- Research.com के हाल ही में प्रकाशित दूसरे संस्करण में पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में **विश्व के सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ताओं की रैंकिंग में 43 शोधकर्ताओं के साथ भारत को वैश्विक स्तर पर 18वां स्थान** मिला है।
- राजस्थान विश्विद्यालय, भूविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ भूविज्ञानी प्रोफेसर एमके पंडित इस सूची में राजस्थान के एकमात्र **वैज्ञानिक के रूप में 31वें स्थान** पर हैं।

### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण

- मुख्यमंत्री गहलोत **₹140 (लगभग)करोड़ रुपए लागत बने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण 17 अप्रैल 2023** को करेंगे।
- दिल्ली मे बने **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एवं इंडिया हैबिटेट सेन्टर की तर्ज पर राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर बनाया** गया है।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर को **राजस्थान सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1958 के तहत 30 सितम्बर, 2013 को पंजीकृत** किया गया।
- राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर को ओटीएस के पास झालाना रोड पर 7.44 हैक्टेर भूमि पर निर्मित किया गया है।

## राजस्थान समसामयिकी – 18 अप्रैल 2023

### राजस्थान में राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक का आयोजन

- मुख्यमंत्री ने बजट 2023-24 में राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी खेलों के आयोजन की घोषणा की थी।
- मुख्यमंत्री ने 130 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी ।
- राजस्थान में राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक का आयोजन 23 जून 2023 से किया जाएगा ।
- पिछले वर्ष ग्रामीण ओलम्पिक में विभिन्न आयु वर्ग के 29 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया ।
- ग्रामीण ओलंपिक के दौरान प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, खो-खो (महिला वर्ग), शूटिंग बॉल (पुरूष वर्ग), टेनिस बॉल क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, रस्साकशी (महिला वर्ग) खेल होगे ।
- शहरी ओलंपिक के दौरान कबड्डी, वास्केटबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, खो-खो (महिला वर्ग) फुटबॉल (पुरूष वर्ग), वॉलीबॉल एथलेटिक्स (100, 200, 400 मीटर दौड़) के आयोजन होंगे ।

- राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है ।

उदयपुर - प्रमुख 3 झीलों पर जल गुणवत्ता मापने के यंत्र लगेंगे

- दुनियाभर में झीलों के लिए मशहूर शहर उदयपुर (लेकसिटी) की शान पिछोला, फतहसागर और उदयसागर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने विशेष योजना बनाई है।
- इन झीलों के पानी की गुणवत्ता की लगातार जांच और मॉनिटरिंग के लिए उपकरण स्थापित किए जाएंगे।
- जिला कलक्टर श्री ताराचंद मीणा के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता की स्थिति दर्शाने के लिए लगे उपकरणों की तरह झीलों के पानी की गुणवत्ता का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जाएगा ।

राजस्थान का दूसरा IVF सेंटर RNT मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में

- सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर के बाद प्रदेश का दूसरा **IVF** सेंटर **RNT** मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में स्थापित किया जाएगा ।
- **IVF-In vitro fertilization**
- पहले इसे टेस्ट ट्यूब बेबी के नाम से जाना जाता था।
- इस प्रक्रिया का प्रयोग सबसे पहले इंग्लैंड में 1978 में किया गया था।

जोधपुर जिले में 300 MW की सौर ऊर्जा परियोजना शुरू

**ACME** सोलर ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (**MSEDCL**) के लिए **300 MW** की सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की।

राजस्थान के जोधपुर जिले के बडीसीड गांव में स्थित यह परियोजना महाराष्ट्र को बिजली की आपूर्ति करेगी।

ACME ने बीकानेर के भरूखीरा गांव, राजस्थान में ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया परियोजना के लिए एक एकीकृत सौर **PV** की स्थापना की है बीकानेर में लगने वाला यह दुनिया का पहला ग्रीन हाइड्रोजन–अमोनिया प्लांट है ।

कोटा के चिराग में बनाई छोटी एक्सरे मशीन

- कोटा के चिराग अग्रवाल ने छोटी एक्स–रे मशीन बनाई है ।
- इस मशीन के माध्यम से टीबी पीड़ित मरीजों की रिपोर्ट 10 सेकंड में मिल जाएगी ।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस मशीन एक बार चार्ज करने पर 100 एक्सरे कर सकेगी ।

डॉ मीनू बेरीवाल "ग्रीन अंबेसडर वूमेन ऑफ द ईयर अवार्ड" से सम्मानित

- जयपुर निवासी एडवोकेट डॉक्टर मीनू बेरीवाल को काउंसलिंग के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए "ग्रीन अंबेसडर वूमेन ऑफ द ईयर अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- यह अवार्ड नई दिल्ली के कृष्णा मेनन भवन के ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट की ओर से दिया गया ।

जयपुर के अविनाश को महाराष्ट्र ड्रीम अचीवर्स अवार्ड

- जयपुर के लेखक गीतकार और फिल्ममेकर अविनाश त्रिपाठी को मुंबई के जुहू में आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र ड्रीम अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

मोना शर्मा को मिला "बेस्ट यंग वुमन आइकन ऑफ द ईयर अवार्ड"

दिल्ली में आयोजित थर्ड वुमन अचीवर्स अवार्ड 2023 में जयपुर की मोना शर्मा को "बेस्ट यंग वूमेन ऑफ द ईयर अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।

**राजस्थान समसामयिकी - 19 अप्रैल 2023**

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रेवेन्यू रिसर्च एवं एनालिसिस के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रेवेन्यू रिसर्च एवं एनालिसिस के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन जयपुर में किया।
- राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का प्रथम राज्य बनाना राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है।
- इसके साथ ही राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण भी किया गया ।

डॉ. देव स्वरूप की पुस्तक का लोकार्पण

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. देव स्वरूप की पुस्तक "कास्ट, जेंडर एंड डेवलपमेंट" का लोकार्पण किया ।

जयपुर में राज हेल्थ पोर्टल का लोकार्पण

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 अप्रैल, 2023 को जयपुर में राज हेल्थ पोर्टल का लोकार्पण किया गया ।
- यह पोर्टल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के ई–ऑफिस के रूप में काम करेगा।
- आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सम्भव हो पाएगा।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में राजस्थान देश का मॉडल स्टेट बन गया है।

**राजस्थान समसामयिकी - 20 अप्रैल 2023**

पुलिस हेकाथान पोर्टल

- साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधित "पुलिस हेकाथान पोर्टल" शुरू किया गया हैं ।
- इसमें साइबर अपराधों की शिकायत 1930 नम्बर पर अथवा **cybercrime.gov.in** पर दर्ज कराई जा सकती है।

ACP सुनील प्रसाद शर्मा को पृथ्वीनाथ साहित्य सम्मान

- एसीपी सुनील प्रसाद शर्मा, जयपुर को इस वर्ष का प्रतिष्ठित "अखिल भारतीय शिक्षाविद पृथ्वीनाथ भान साहित्य सम्मान" देने की घोषणा की गई है।
- श्री शर्मा को यह पुरस्कार उनके चर्चित उपन्यास "लॉकडाउन रोजनामचा-मौत मिले पर माटी" में के लिए दिया जाएगा।
- अखिल भारतीय शिक्षाविद पृथ्वीनाथ भान साहित्य सम्मान में प्रशस्ति पत्र के साथ 11000 रूपए देने की घोषणा की गई है।

शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में कोटा जिला प्रथम स्थान पर

- कोटा जिले ने शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में कार्रवाई करने के मामले में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।
- दूसरा स्थान बांसवाड़ा जिले का है।
- शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित है।
- खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा 26 अक्टूबर, 2020 से शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया।

उदयपुर में चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की 30 फीट प्रतिमा का अनावरण

- 15 अप्रैल 2023 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड विश्वविद्यालय, उदयपुर में चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की 30 फीट प्रतिमा का अनावरण किया।
- इस मूर्ति को कोलकता के कलाकारों ने बनाया है।

राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन

जयपुर एग्जीविशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर में 20-23 अप्रैल 2023 राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि - सर्वानंद सोनोवाल माननीय कैबिनेट मंत्री आयुष मंत्रालय, भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

जयपुर में राष्ट्रीय आरोग्य मेले की मुख्य विशेषताएं –

- आयुष उद्योग प्रदर्शनी
- निःशुल्क ओपीडी एवं निःशुल्क दवा वितरण
- निःशुल्क उपचार एवं परामर्श

- आयुष के सभी पांच विभागों पर ध्यान केंद्रित करते हुए
- मुफ्त स्वास्थ्य व्याख्यान
- राज्य सरकार एवं आयुष कॉलेजों के छात्र– छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2023 का आयोजन

राज्य सरकार के सहकारिता विभाग की ओर से 10 दिवसीय राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2023 'का आयोजन 28 अप्रैल से 7 मई तक जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में होगा।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

- 16 अप्रैल, 1949 को पुलिस एकीकरण निर्देश के जारी होते ही राजस्थान पुलिस का गठन हुआ।
- इसलिए 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**राजस्थान समसामयिकी - 21 अप्रैल 2023**

सिविल सेवा दिवस पर उत्कृष्टता पुरस्कार 2023

- **20** अप्रैल **2023** को सिविल सेवा दिवस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उत्कृष्टता पुरस्कार **2023** प्रदान किये ।
- सिविल सेवा दिवस 2023 थीम - प्रतिबद्ध प्रशासन**,** राज्य में सुशासन
- इसमें संयुक्त सचिव आयोजना श्री सुशील कुमार कुलहरि, निदेशक मुख्य सचिव कार्यालय, डॉ. नीतीश शर्मा और बाड़मेर, पाली, झालावाड़ एवं उदयपुर जिलों के कलक्टर क्रमशः श्री लोकबंधु, श्री नमित मेहता, डॉ. भारती दीक्षित एवं श्री ताराचंद मीणा को सम्मानित किया गया।

कृषक उपहार योजना- 2021-22

- उद्देश्य - कृषि उपज को E-NAM के माध्यम से विक्रय करना तथा E-Payment के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना।
- कृषकों को अपनी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाना।
- क्रियान्वयन - कृषि विपणन विभाग
- पुरस्कार राशि - राज्य स्तर पर (वर्ष में एक बार)
- प्रथम पुरस्कार - 2.50 लाख रुपये
- द्वितीय पुरस्कार - 1.50 लाख रुपये

- तृतीय पुरस्कार - 1 लाख रुपये

वर्ष 2023 में कृषक उपहार योजना के तहत 3 किसानों को पुरस्कार मिले-

- कृषक उपहार योजना में तीन किसानों को पुरस्कार मिला है।
- कोटा खण्ड की भवानी मंडी के कृषक प्रदीप के 2.50 लाख का प्रथम, हनुमानगढ़ खण्ड की गोलूवाड़ा मंडी के जसवंत के 1.50 लाख का द्वितीय और हनुमानगढ़ मंडी के मोहनलाल के 1 लाख रुपए का तृतीय पुरस्कार मिला है।

अश्वनी वैष्णव मारवाड़ रत्न पुरस्कार व सर्वोच्च राव सीहा सम्मान 2023 से सम्मानित

- मारवाड़ रत्न पुरस्कारों में प्रतिष्ठित व सर्वोच्च राव सीहा सम्मान 2023 अश्वनी वैष्णव को प्रदान किया जाएगा ।
- मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रदान किए जाने वाले मारवाड़ रत्न पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- पूर्व महाराजा गजसिंह द्वारा इन पुरस्कारों की घोषणा की गई ।
- इसमें 2 अंतरराष्ट्रीय, 4 राष्ट्रीय, 12 राज्य स्तरीय व लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड की घोषणा की गई है।
- यह पुरस्कार 12 मई को जोधपुर स्थापना दिवस पर प्रदान किये जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार -

1. राव सीहा सम्मान- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव
2. महाराजा सर प्रतापसिंह सम्मान मिसेज एन विंसेट

राष्ट्रीय पुरस्कार -

1. राव जोधा सम्मान - राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, रावल किशनसिंह जसोला
2. महाराजा इनवन्तसिंह सम्मान - डॉ. रमेश रलिया (विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए)
3. मेजर दलपतसिंह सम्मान- मदनसिंह, सेवानिवृत आई.जी. (असाधारण बहादुरी के क्षेत्र में)
4. पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान- कालूनाथ कालबेलिया

लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान-

1. इस वर्ष आजादी से पहले से कानून एवं न्याय के क्षेत्र में दिए जा रहे दीर्घकालीन, उच्च स्तटीय योगदान के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता लेखराज मेहता को दिया जाएगा।

कालूनाथ कालबेलिया पदम श्री कोमल कोठारी सम्मान 2023 से सम्मानित

- पद्म श्री कोमल कोठारी सम्मान योगदान के लिए कालूनाथ कालबेलिया को प्रदान किया जायेगा।
- दलीप भट्ट - कोमल कोठारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2022

- कमल रंगा - केंद्रीय साहित्य अकादमी का राजस्थानी भाषा साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022
- महेंद्र भानावत - 2022 का पदम श्री कोमल कोठारी सम्मान दिया गया ।

मारवाड़ रत्न पुरस्कार 2023

- मारवाड़ रत्न पुरस्कार 2023 राज्य स्तर पर 12 पुरस्कार प्रदान किए गए

1. महाराजा विजयसिंह सम्मान - लीला देवी सोमानी (मरणोपरांत)

2. महाराजा मानसिंह सम्मान - ओंकारसिंह लखावत (बीकानेर)

3. एचएच महाराजा उम्मेदसिंह सम्मान - डॉ. श्रवणसिंह राठौड़

4. राजदादीसा बदन कंवर भटियाणी सम्मान - ऐश्वर्या भाटी (बाड़मेर)

5. एचएच राजमाता कृष्णा कुमारी सम्मान - अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को

6. एचएच गजसिंह (द्वितीय) सम्मान - रतनसिंह राजपुरोहित (वरिष्ठ चित्रकार)

7. चिरंजीव युवराज शिवराजसिंह सम्मान - जोधपुर के क्रिकेट खिलाड़ी रवि विश्नोई को

8. मुहता नैणसी सम्मान - पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मारवाड़ मैग्जीन को

9. पद्मश्री सीताराम लालस सम्मान - भंवरलाल सुथार को

10. डॉ. नारायणसिंह भाटी मालूंगा सम्मान - संत हनुमंत किंकर महाराज

11. राजाराम मेघवाल सम्मान - लाइफ (भुंगरा गैस त्रासदी में जीवन को जोखिम में डालकर अनेक लोगों की जान बचाने के कार्य के उपलक्ष्य में मरणोपरांत)

12. कुंवर करणीसिंह जसोल सम्मान- डॉ. अनुपम शाह

डॉ. मुदित गुप्ता राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

- जयपुर की तिलक नगर स्थित एलबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ मुदित गुप्ता को "राज्य स्तरीय पुरस्कार 2020-21" से सम्मानित किया गया ।

शेखावटी युवा महोत्सव में विक्रम को मिला प्रथम स्थान

- राजस्थानी युवा बोर्ड व राजस्थान सरकार द्वारा सीकर में आयोजित दो दिवसीय "शेखावटी युवा महोत्सव" में जयपुर के युवा शास्त्रीय गायक विक्रम श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।

- विक्रम श्रीवास्तव ने यह स्थान हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन प्रतिस्पर्धा में प्राप्त किया है।
- राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा है ।

## राजस्थान समसामयिकी - 22 अप्रैल 2023

### कोटा की विंग कमांडर दीपिका मिश्रा को वीरता पुरस्कार

- राजस्थान के कोटा की विंग कमांडर दीपिका मिश्रा वीरता पुरस्कार पाने वाली वायुसेना की पहली महिला अधिकारी बनीं।
- राजस्थान की रहने वाली दीपिका को मध्य प्रदेश के शिवपुरी में बाढ़ राहत अभियान के दौरान प्रदर्शित 'असाधारण साहस के कार्य के लिए वायुसेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया।
- नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वीरता के लिए वायु सेवा पदक से सम्मानित किया था।

### राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को टाइम्स रियल एस्टेट कॉन्क्लेव अवॉर्ड

- रियल एस्टेट के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा 26 अप्रैल को गुरुग्राम में सम्मानित किया जाएगा।
- राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को टाइम्स रियल एस्टेट कॉन्क्लेव अवॉड्र्स से सम्मानित किया जाएगा।
- पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में हाउसिंग बोर्ड को कुल 14 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स, स्कॉच द्वारा गोल्ड सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.वी.मी और स्टार ऑफ गवर्नेंस गोल्ड अवार्ड शामिल हैं।

### इंदिरा गाँधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की अवधि बढ़ाकर मार्च 2024

- इंदिरा गाँधी शही क्रेडिट कार्ड योजना का 16 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन किया गया।
- योजना का क्रियान्वयन स्वायत्त शासन विभाग के माध्यम से हो रहा है।

- इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेण्डर्स तथा सर्विस सेक्टर के युवाओं एवं बेरोजगारों को स्वरोजगार तथा रोजमर्रा की जरूरतों हेतु उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर कटना है।
- इसके तहत लाभार्थी को बिना किसी गारंटी के 50 हजार रुपये तक का व्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- योजना का लाभ नगरपालिका, नगर परिषद् एवं नगर निगम की सीमा में रह रहे 5 लाख लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा।
- लाभार्थी की आयु 18 से 60 वर्ष तक तथा वह बेरोजगारी भत्ता प्राप्तकर्ता न हो।
- योजना एक वर्ष के लिए लागू रहेगी और 31 मार्च, 2024 तक नए ऋण स्वीकृत किए जाएंगे
- ऋण पुनर्भुगतान की अवधि 12 माह होगी।
- नोडल अधिकारी जिला कलेक्टर है।

### राजस्थान समसामयिकी - 23 अप्रैल 2023

**मनरेगा योजना के तहत व्यक्ति दिवस सृजन के मामले में राजस्थान देश में शीर्ष पर**

- लगातार चौथे वर्ष, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत व्यक्ति दिवस सृजन के मामले में राजस्थान देश में शीर्ष पर रहा
- 2022–23 में, राजस्थान ने योजना के तहत 10,175 करोड़ रुपये की कुल लागत पर 35.61 कटोड़ व्यक्ति दिवस उत्पन्न किए।
- मनरेगा एमआईएस रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के बाद तमिलनाडु (33.45 करोड़), उत्तर प्रदेश (31.18 करोड़), आंध्र प्रदेश (23.96 करोड़) और बिहार (23.69 करोड़) हैं।
- जबकि 100 दिन का काम पूरा करने वाले परिवारों की संख्या के मामले में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।

ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह 41वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

- राजस्थान उच्च न्यायालय के 41वें मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह को नियुक्त किया जाएगा।
- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मसीह के नाम की सिफारिश की।
- फिलहाल ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश है
- वर्तमान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश– मनिंदर मोहन श्रीवास्तव
- 40वें मुख्य न्यायाधीश – पंकज मित्तल
- 39वें मुख्य न्यायाधीश – एस. एस. शिन्दे
- 38 वें मुख्य न्यायाधीश – अकील अब्दुल कुरेशी प्रथम मुख्य न्यायाधीश – कमल कांत

जयपुर डेयरी ने बनाया नया रिकॉर्ड

- जयपुर डेयरी ने 16 घंटे में 16 लाख लीटर दूध सप्लाई कर नया रिकॉर्ड बनाया।
- इससे पहले जयपुर डेयरी 1 दिन में अधिकतम 12.97 लाख लीटर दूध सप्लाई कर चुकी है।

## राजस्थान समसामयिकी - 24 अप्रैल 2023

### पृथ्वी दिवस

- 24 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

### देश का पहला कुंरजा कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र

- राज्य सरकार ने राजस्थान में सोरसन , हमीरगढ़ व खीचन में संरक्षित क्षेत्र घोषित किए हैं।
- विश्व पृथ्वी दिवस पर वन मंत्री हेमाराम ने बांरा के सोरसन, भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में और जोधपुर में फलोदी के खीचन को नया कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र बनाए जाने की घोषणा की है।
- खीचन गांव (फलोदी, जोधपुर) देश का पहला कुरंजा संरक्षित क्षेत्र बन गया है।

- अब राजस्थान में कुल 29 कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र हो गए हैं ।

5 मिनट में कैलेंडर के अधिकतम दिनों का बताकर अनय ने बनाया रिकॉर्ड

- जयपुर के अनय शुक्ला ने मात्र 5 मिनट में 2023 की 81 दिनों को अपनी मेंटल कैलकुलेशन से बताने का रिकॉर्ड बनाया है ।
- अनय शुक्ला की आयु मात्र 6 साल 3 माह 4 दिन की है ।

**राजस्थान समसामयिकी - 25 अप्रैल 2023**

शॉर्टगन वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में राज्य के 3 शूटरों का चयन

- राजस्थान के तीन खिलाड़ियों का चयन वर्ल्ड कप लूनाटो व अल्माटी में होने वाले शॉटगन वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में हुआ है ।

मायला बाग में शुरू होगी तीसरी लेपर्ड सफारी

- देश दुनिया से आने वाले सैलानियों को एडवेंचर, वाइल्डलाइफ और वाटर बेस्ड टूरिज्म एक्सपीरियंस करवाने की के लिए 2 माह में मायला बाग में तीसरी लेपर्ड सफारी शुरू होगी ।
- रामबाग गोल्फ क्लब में जी–20 टूरिज्म एक्सपो के गोल्फर्स ने मैच खेला ।

स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में बलवीर ने भारत को किया रिप्रजेंट

- नेपाल की राजधानी काठमांडू में ओपन इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एंड इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन हुआ ।
- एमएनआईटी में बतौर सीनियर अटेंडेड कार्यरत बलवीर सिंह रावत में हिस्सा लेकर भारत का प्रतिनिधित्व किया ।
- इन्होंने केटेगरी मास्टर 1 से 68 वेट केटेगरी में 367.5 **Kg** का वजन उठाया और तीसरा स्थान हासिल किया ।

RCDF ने आखातीज पर 33 लाख लीटर दूध बिक्री कर बनाया रिकॉर्ड

- राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने आखातीज ईद के दिन राजस्थान में 33 लाख लीटर दूध की बिक्री कर नया रिकॉर्ड बनाया है ।

- इससे पहले 10 जनवरी 2023 को 52. 51 लाख लीटर दूध संकलन का रिकॉर्ड बनाया गया है ।

### राजस्थान समसामयिकी - 26 अप्रैल 2023

#### राजस्थान मेगा जॉब फेयर बाँसवाड़ा

- बाँसवाड़ा में दिनांक 28 अप्रैल, 2023 राजस्थान मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा ।

#### राजस्थान के पहले धावक - महेश द्विवेदी

- जयपुर के अंदर महेश द्विवेदी ने बोस्टन मैराथन 2023 में सबसे तेज दौड़ने वाले राजस्थान के पहले और देश के चौथे धावक का खिताब जीता ।
- महेश द्विवेदी ने 42.195 किलोमीटर की यह मैराथन 2.53 घंटे में पूरी की ।

#### स्क्वैश में राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने जीता खिताब

- दिव्यांशी जैन ने इंदौर में आयोजित दूसरी एमरल्ड हाइट कप 3 स्टार स्क्वैश प्रतियोगिता में अंडर 11 लड़कियों का खिताब जीता ।

### राजस्थान समसामयिकी - 27 अप्रैल 2023

#### समाजसेवी तथा भामाशाह स्व. दानाराम की मूर्ति का अनावरण

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 26 अप्रैल, 2023 को बीकानेर जिले के जसरासर में समाजसेवी तथा भामाशाह स्व. चौधरी दानाराम तर्ड की प्रतिमा अनावरण किया।

#### प्रिती डागा को मिला “आईकॉन ऑफ एशिया अवार्ड”

- प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महिला एंटरप्रेन्योर और करियर कोच प्रीति डागा को "आइकॉन ऑफ एशिया अवार्ड" से दिल्ली में सम्मानित किया

## राजस्थान समसामयिकी - 28 अप्रैल 2023

### SMS स्टेडियम में 200+ रन बनाने वाली राजस्थान रॉयल्स पहली टीम

- राजस्थान रॉयल्स ने 202 रन का लक्ष्य चेन्नई सुपर किंग्स को दिया।
- सवाई मानसिंह स्टेडियम (**SMS**) में आईपीएल के किसी मैच में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली राजस्थान रॉयल्स पहली टीम बनी है।
- इससे पहले सर्वाधिक स्कोर 197/5 आज जो राजस्थान में 2012 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ बनाया था।

### सिद्धार्थ चौधरी ने नेशनल फेडरेशन कप अंडर-20 में स्वर्ण जीता

- नेशनल फेडरेशन कप अंडर 20 जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान के सिद्धार्थ चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता।
- सिद्धार्थ चौधरी ने एशियन जूनियर अंडर 20 चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया है।
- उन्होंने यूथ नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भी 20.22 मीटर तक गोला फेंक कर रिकॉर्ड बनाया था।

## राजस्थान समसामयिकी - 29 अप्रैल 2023

### पीएम श्री योजना में राजस्थान के 402 सरकारी विद्यालयों चयन

- देश में सबसे अधिक राजस्थान के 402 सरकारी विद्यालयों का हुआ पीएम श्री योजना में चयन हुआ है।
- इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में पीएम श्री स्कूल योजना का शुभारंभ 28 अप्रैल 2023 को हुआ।
- पीएम श्री योजना के प्रथम चरण में राजस्थान के सबसे ज्यादा 402 सरकारी विद्यालयों का चयन किया गया है।
- जिस में सर्वाधिक जयपुर जिले के 28 कुल शामिल है।

- सभी चयनित सरकारी स्कूलों को मिलेगी दो–दो करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी।

### पेंशनधारियों के लिए FACERD मोबाइल एप लॉन्च

- **29 April 2023** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने पेंशनधारियों के लिए **FACERD** मोबाइल एप लॉन्च किया।
- इससे पहले श्री टीकाराम जूली ने 13 फरवरी 2023 को पेंशनधारियों के लिए राजएसएसपी मोबाइल एप लॉन्च किया था।
- पेंशनधारियों के लिए यह सुविधा प्रदान करने वाला राजस्थान भारत में पहला राज्य हैं।
- राजस्थान में लगभग 94 लाख पेंशनर को यह सुविधा मिलेगी।
- पेंशनधारियों के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन राजएसएसपी मोबाइल एप से होगा ।

## राजस्थान समसामयिकी - 30 अप्रैल 2023

### 46वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता

- **12** जिले में **5** से **8** अक्टूबर तक **46**वीं में राजस्थान सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता पुरुष व महिला का आयोजन किया जाएगा।
- अड्ठारहवें ऑल इंडिया पुरुष टूर्नामेंट गादेगाल बूंदी तथा महिला टूर्नामेंट जैसलमेर में होगा।
- प्रथम मिनी राज्य हैंडबॉल प्रतियोगिता 7 से 9 मई तख्त श्री गंगानगर में होगी।
- **40**वीं राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता सवाई माधोपुर में **15** से **18** जून तक होगी।

### द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार के 12वें संस्करण का आयोजन

- राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार के 12वें संस्करण का आयोजन 23–25 अप्रैल तक किया गया ।

- उद्घाटन 23 अप्रैल को जयमहल पैलेस में हुआ।
- 24–25 अप्रैल को सीतापुरा के जेईसीसी सेंटर में विदेशी टूर ऑपरेटरों के साथ बीटबी बैठकें आयोजित की गई ।
- इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)|

Other Topic Important Links
Rajasthan Daily Current Affairs
Rajasthan Latest Job Alert
Science More Important Topics you can click here
Hindi More Important Topics you can read here
Rajasthan GK More Important Topics click here
Psychology More Important Topics you can read here
Follow us on Facebook